प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 07.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- विश्व स्वास्थ्य दिवस आज–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 26 करोड रूपये लागत के कई विकास कार्यो का लोकार्पण करेंगे।
- प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे–बाडमेर में पारा 45 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया।
- राज्य में पांचवी कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू।
- भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति – एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक आज से मुंबई में।

0000000

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम "स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य" रखी गई है। इस मौके पर प्रदेश में कई कार्यकम आयोजित किये जा रहे है। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 26 करोड रूपये की लागत के कई विकास कार्यो का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री समारोह में निरामय राजस्थान अभियान सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का भी शुभारंभ करेंगे।

.....

मुख्यमंत्री, कार्यक्रम में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य क्षय यूनिट को सम्मानित करते हुए टीबी चैंपियंस से संवाद भी करेंगे। इस अवसर पर क्षय रोग उन्मूलन के लिए उत्कृष्ट काम करने वाले जिलों तथा चिकित्सा विभाग के कार्मिकों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी उपस्थित रहेंगे।

00000

प्रदेश में अप्रेल के पहले सप्ताह में ही गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिये है। मौसम केन्द्र के अनुसार कल बाडमेर में दिन का तापमान 45 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो इस महीने में अब तक का सर्वाधिक हैं। ये तापमान औसत से 6 दशमलव 8 डिग्री ऊपर है। इससे पहले अप्रैल के पहले सप्ताह में 45 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस तापमान 1998 में दर्ज किया गया था। वहीं जैसलमेर में भी तापमान 45 डिग्री सैल्सियस तक पंहुच गया हैं। भरतपुर में गर्मी का असर बढने से दिन के समय बाजार सूने नजर आ रहे है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार बीते 24 घंटों में 22 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री सैल्सियस तक पंहुच गया। विभाग के अनुसार आगामी तीन दिन तक प्रदेश के पांच संभागों में तापमान में और बढोतरी होने के आसार है। इसके बाद नया पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से आंधी और बारिश की संभावना है। आंधी बारिश से आमजन को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।
प्रदेश में बढ़ती गर्मी के मद्देनजर विभिन्न जिलों में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने लू और तापघात के मरीजों की उचित देखभाल के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए है। वहीं पशुपक्षियों के लिये भी समाजसेवी संस्थाओं और संगठनों की ओर से परिंडे लगाने का काम शुरू हो गया है। पाली में आज परिंडा अभियान के तहत 734 गांवो और ढाणियों में 40 हजार परिंडे लगाए जाएगे।

00000

नौसेना कमांडरों के सम्मेलन 2025 के पहले संस्करण का दूसरा चरण आज से नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। चार दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन में शीर्ष नौसेना कमांडरों के बीच महत्वपूर्ण रणनीतिक, परिचालन और प्रशासनिक मुद्दों पर विचार–विमर्श होगा। सम्मेलन में परिचालन, सामग्री, लॉजिस्टिक्स, मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षण और प्रशासन से संबंधित प्रमुख पहलुओं की व्यापक समीक्षा की जाएगी। तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को बढ़ावा देने और समन्वय संबंधी प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, थलसेनाध्यक्ष और वायुसेनाध्यक्ष भी इस सम्मेलन के दौरान नौसेना कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे। नौसेना के

कमांडर, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत के साथ विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। सम्मेलन का पहला चरण शनिवार को कर्नाटक के कारवार में आयोजित किया गया था।

0000

प्रदेश में पांचवी कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं आज से आयोजित की जा रही है। परीक्षा सुबह आठ बजे से साढे दस बजे तक एक पारी में आयोजित की जा रही है। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से ली जाने वाली ये परीक्षाएं 17 अप्रैल तक चलेगी। परीक्षा प्रभारी योगेश भाटी ने बताया कि इन परीक्षाओं के लिए 13 लाख 58 हजार विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इसके लिए 19 हजार 578 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र बुकलेट के रूप में दिए गये है।

00000

प्रदेश में विभिन्न हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। एक हादसा उदयपुर सलुंबर मेगा हाईवे पर हुआ, जहां रोडवेज बस और कार की टक्कर में एक महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे में महिला के परिवार के अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो को उदयपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अन्य हादसा चूरू जिले के भानीपुरा में हुआ जहां एक कार के पेड से टकराने से कार में सवार दो युवकों की मृत्यु हो गई और दो अन्य घायल हो गए। घायलों को सरदारशहर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं जालौर के बागरा थाना क्षेत्र में हुए एक अन्य हादसे में मिट्टी में धसने से दो चचेरे भाईयों की मौत हो गई। ये दोनो मिट्टी के दोहन के बाद बने गड्डे में खेल रहे थे। अचानक मिट्टी धसने से ये हादसा हुआ।

00000

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति – एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक आज मुंबई में शुरू होगी। इस बैठक में प्रमुख ब्याज तथा रेपो दरें तय की जाएंगी। यह बैठक वित्त वर्ष 2025–26 के लिए पहली मौद्रिक नीति बैठक होगी, जो बुधवार को घोषित होने वाली केंद्रीय बैंक के लिए प्रमुख उधार दरों के परिणाम को निर्धारित करेगी। रिजर्व बैंक वर्ष में प्रत्येक दो महीने में मौद्रिक नीति समिति की बैठक आयोजित करता है। इन बैठकों में मुद्रा आपूर्ति, मुद्रास्फीति का परिदृश्य और अन्य व्यापक आर्थिक संकेतकों जैसे कारकों के आधार पर ब्याज दरों पर निर्णय लिया जाता है।

00000

चैत्र शुक्ल दशमी के अवसर पर आज अजमेर में शिव पार्वती के रूप राठौड़ बाबा और गणगौर की सवारी निकाली जायेगी। शाही लवाजमें के साथ निकलने वाली यह सवारी शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई गणेश मंदिर पहुंचेगी। सवारी के साथ ईसर – गणगौर के जोड़े भी निकाले जाएंगे। शाही ठाटबाट के साथ निकलने वाली इस सवारी में बडी संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक हिस्सा लेंगे। प्रशासन की ओर से कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

00000

आईपीएल टी 20 क्रिकेट में आज मुंबई इंडियंस का मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा। इससे पहले कल गुजरात टाइटन्स ने हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटन्स ने 16 दशमलव चार ओवर में तीन विकेट खोकर विजयी लक्ष्य हासिल किया। गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल ने नाबाद 61 रन बनाए और मोहम्मद सिराज को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

00000